प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले पर स्वतः संज्ञान लिया, मुख्य न्यायाधीश की पीठ कल करेगी मामले की सुनवाई, देश भर में डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी।
- पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने झामुमो पर अपमानित करने का लगाया आरोप, कहा–वर्तमान परिस्थितियों ने अन्य विकल्प चुनने के लिए किया मजबूर, भाजपा में शामिल होने के अटकलों से बढ़ी राजनीतिक गहमागहमी।
- हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा रक्षाबंधन का पर्व, सावन की आज आखिरी सोमवारी पर राज्य भर के शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़ रहे भक्त, सुरक्षा के कड़े प्रबंध।
- मौसम विभाग ने आज राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का जताया पूर्वानुमान, जारी किया ऑरेंज अलर्ट, वज्रपात की भी चेतावनी।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जमशेद पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ कल इस मामले की सुनवाई करेंगी। एक रिपोर्ट–
केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो कोलकाता के आर जी कर चिकित्सा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य से दुष्कर्म और हत्या मामले में पूछताछ कर रहा है।

****

भारतीय चिकित्सा संघ – आईएमए ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाने की मांग की है। आईएमए ने कहा है कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था हवाई अड्डे की तरह ही चाक–चौबंद होनी चाहिए। श्री मोदी को लिखे पत्र में आईएमए ने कहा है कि अस्पताल में दुष्कर्म मामले की जांच निश्चित समय–सीमा के भीतर होनी चाहिए और पीड़ित पक्ष को शीघ्र न्याय मिलना चाहिए।

****

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए से किसी भी धर्म के व्यक्ति की नागरिकता खत्म नहीं होती है बल्कि इससे शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता के साथ–साथ सम्मान और न्याय मिलता है। श्री शाह ने अहमदाबाद में 188 विस्थापितों को नागरिकता प्रमाणपत्र प्रदान किय और देशभर में सीएए लागू करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

****

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आरोप लगाया है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में उनका अपमान हुआ है। सोशल मीडिया पर अपने एक भावुक पोस्ट में श्री सोरेन ने कहा कि जब हेमंत सोरेन जेल से रिहा हुए तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए बाध्य किया गया। उन्होंने कहा कि इससे उनकी भावनाएं आहत हुईं। इधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के द्वारा सोशल मीडिया पर लिखे गए भावुक पोस्ट पर कहा है कि झामुमो अब महज एक परिवार केंद्रित पार्टी बन कर रह गई है। इधर चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर विधायकों को खरीदने और समाज को विभाजित करने का आरोप लगाया है।

****

चुनाव आयोग के निर्देश पर झारखंड में 64 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इसमें 53 सब इंस्पेक्टर, एक मेजर और दस इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी शामिल हैं।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

देशभर में आज भाई—बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि यह त्योहार भाई—बहन के बीच परस्पर विश्वास और प्रेम को सशक्त बनाता है।

****

सावन की आज आखिरी सोमवारी पर राज्य भर के शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। हमारे देवघर संवाददाता ने बताया कि श्रावणी मेला की अंतिम सोमवारी और पूर्णिमा को लेकर बाबाधाम पहुंच रहे कांवरियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सुबह 4 बजे पट खुलते ही जलाभिषेक शुरू हो गया ।
इधर रांची के पहाड़ी मंदिर और आम्रेश्वर धाम, खूंटी के श्रावणी मेले में भी शिव भक्तों की टोली जुट रही है।

****

हजारीबाग में भी रक्षाबंधन को लेकर उत्साह का माहौल है। इस बार हजारीबाग में स्वदेशी राखी की मांग अधिक रही।

****

राजधानी रांची समेत राज्य भर में आज भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है ।

****

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भावुक पत्र और उसपर बढ़ी राजनीतिक हलचल को अपनी सुर्खी बनाई है।
दैनिक जागरण ने लिखा है — चम्पाई ने तोड़ी चुप्पी, बोले— वैकल्पिक राह चुनना मजबूरी।
प्रभात खबर की सुर्खी है— चंपाई दिल्ली में, एक्स पर पोस्ट कर पार्टी छोड़ने का किया एलान।
श्रावणी मेले का समापन आज, देवघर बाबा मंदिर में कल से स्पर्श पूजा शुरु होगी, दैनिक भास्कर ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।
हिन्दुस्तान ने फोटो स्टोरी के साथ लिखा है— सावन की पांचवी और अंतिम सोमवारी पर देवघर में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर।
रांची एक्सप्रेस ने लिखा है — भाई—बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन आज।
कोलकाता में दुष्कर्म और हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेने की खबर को अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****